संक्षिप्त

आयुर्वेद चिकित्सालय में कार्यशाला का आयोजन

भरतपुर (निस)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद लोहागढ़ शाखा के सहयोग से राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में कार्यशाला का आयोजन कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया गया। कार्यशाला में उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली में सबसे अधिक महत्वपूर्ण भूमिका पर्यावरण से जुड़ी होती है उसके लिए पर्यावरण के प्रति सभी को जागरुक होकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर सहयोग करने की सलाह दी। कार्यशाला में डा राजकुमार झा डॉ प्रियंक शर्मा डॉ अरविन्द शर्मा डॉ राजेन्द्र वैष्णव डॉ मनीषा गुर्जर डॉ कार्तिक शर्मा द्वारा पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद लोहागढ़ शाखा के पदाधिकारी सचिव जितेंद्र जैन पूर्व अध्यक्ष अंकुर खंडेलवाल पर्यावरण प्रभारी अमित खंडेलवाल मोहित लोहिया पूर्व सचिव अरविंद चौहान प्रवीण खंडेलवाल सी ए अंकुर खंडेलवाल आदि द्वारा चिकित्सालय में भर्ती रोगियों को फल एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया एवं पौधारोपण कर उसकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित द्वारा सभी अतिथियों को दुपट्टा पहनाकर एवं तिलक लगाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर सभी अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।अंत में सभी का आभार व्यक्त अमित खंडेलवाल द्वारा किया।

'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया

भरतपुर (निस)। महाराजा सूरजमल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का महत्त्व व इसे मनाने के कारणों से अवगत कराकर किया गया स प्राचार्य द्वारा बताया गया कि यह दिवस दुनिया भर के लाखों लोगों को हमारे ठाह की सुरक्षा और पुनर्स्थापना के साझा मिशन में सहयोग करता है।

जल संरक्षण अभियान को जिला प्रभारी मंत्री ने सागर सरोवर से शुरु किया

करौली । राज्य मंत्री गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्सय विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जल एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश को सम्पूर्ण देश,प्रदेश,जिले और गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक पहुंचाने एवं जनता के हितों के लिए कार्य करने का माध्यम बन रहा है।

यह उद्बोधन जिला प्रभारी मंत्री द्वारा वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पखवाडे के जिला स्तरीय कार्यक्रम का गुरूवार को मासलपुर की ठाम पंचायत जमूरा स्थित सागर सरोवर पर शुभारंभ करते हुए व्यक्त किये गये। इस दौरान उन्होनें सागर सरोवर की पाल पर पूजा-अर्चना की व जिले की सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की मंगलकामना की एवं लोकदेवता ऊदा बाबा के दर्शन भी किये। जिला प्रभारी मंत्री गुरूवार को अभियान के शुभारंभ के अवसर पर आमजन को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि उक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति आगामी वर्षा के मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाये एवं उनका संरक्षण भी करे। उन्होंने कहा कि गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप सम्पूर्ण प्रदेश में वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान एवं वृक्षारोपण महाभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान 5 से 20 जून तक संचालित किया जाएगा। इसके तहत जिले में सभी स्तरों पर विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएगी। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरूआत की थी। राजस्थान की जनता ने अभूतपूर्व कार्य किया और लगभग सवा 7 करोड़ से अधिक पौधे लगाये अबकी बार मुख्यमंत्री ने 10 करोड से अधिक पौधे लगाने आ ान किया है। मुझे उम्मीद ही नहीं विश्वास है कि राजस्थान की जनता लगभग 11 करोड़ से अधिक पेड़ लगाकर उनके लिए बधाई प्रेषित करेगी। साथ ही जल संरक्षण के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भी अभूतपूर्व कार्य किया जाएगा। वर्तमान एवं भावी पीढ़ी के हित में चलाये जा रहे इन अभियानों में जिलेवासी से अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें और अभियान को सफल बनायें। पोखर, नदी, नाले सरोवर, बांध और एनीकट आदि जल स्त्रोतों की साफ-सफाई अभियान स्तर पर सुनिश्चित कर पेयजल की समस्या के निस्तारण का मार्ग प्रशस्त करें। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार युवाओं को हजारों की संख्या में रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है वहीं राईजिंग राजस्थान के तहत उद्यिमयों एवं निवेशकों के साथ 35 लाख करोड़ के एमओयू किये हैं और लगभग 4 लाख युवाओं को 5 साल में रोजगार उपलब्ध कराने के वादे को पुरा करने की ओर सकुशल अठासर है। उन्होंने कहा कि करौली के विधायक दर्शन सिंह गुर्जर एवं ठाम वासियों की मांग को देखते हुए सागर सरोवर के चारों तरफ नरेगा के तहत परिक्रमा मार्ग बनाने की घोषणा की। जिससे आमजन विभिन्न आयोजनों के दौरान आस्था के साथ परिक्रमा पूर्ण कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा विकास की गति में कोई कमीं नहीं छोडी जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की की सभी अमन, चैन, शांति, प्रेम और भाईचारे से रहें और अधिक से अधिक जल संरक्षण करें और पेड़-पौधे लगायें। इस दौरान करौली के विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि राज्य सरकार ने पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा, बिजली आदि के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर आमजन को राहत प्रदान की है। साथ ही आगे भी जल एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर जिले वासियों को प्रदूषण रहित स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने का कार्य माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार कर रही है। कार्यक्रम के दौरान समस्त आगंतुकों को जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने जल संरक्षण की शपथ दिलाई।इस अवसर पर प्रभारी सचिव आशुतोष ए टी पेडनेकर, सपोटरा के विधायक हंसराज मीणा, पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय,अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा, उप वन संरक्षक सुमित बंसल, सूचना जनसंपर्क के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीणा, पूर्व विधायक श्रीमति राजकुमारी जाटव सहित अन्य जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधी, बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

ग्रामीणों का धरना जारी

बयाना, भरतपुर (निस)। भरतपुर बंशी पहाडपुर क्षेत्र में अवैध खनन और ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ ठामीणों का धरना आज आठवें दिन भी जारी रहा। महलपुर चूरा कांटे के पास आयोजित इस धरने में महलपुर चूरा, बंशी पहाड़पुर, बसई, खोहरी, एलऊ, नगला भोला, नगला खार, सिरौंद, तिघर्रा सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग शामिल हुए ।

धरने के आठवें दिन क्षेत्रीय विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने धरनास्थल पर पहुंचकर ठामीणों की मांग का समर्थन किया। उन्होंने लीज धारकों द्वारा किए जा रहे अवैध खनन और ओवरलोडिंग वाहनों को बंद कराने के लिए सरकार तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों ने विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि बंशी पहाड़पुर क्षेत्र में लीज धारकों द्वारा अलावा, वन क्षेत्र में अवैध रूप से डम्पिंग की जा रही है और खनन कार्य में आईआर की ब्लास्टिंग की जा रही है, जिससे मकानों में दरारें आ रही हैं। खनन कार्य, ब्लास्टिंग और ओवरलोडिंग से उड़ने वाली डस्ट से क्षेत्र के लोगों में सिलिकोसिस जैसी घातक बीमारी फैल रही है। विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने धरना दे रहे ग्रामीणों को उनकी मांगों का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया।

सार-समाचार

भरतपुर में बिजली उपभोक्ताओं के लिए डिजिटल सुविधा शुरू

भरतपुर (निस)। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड (बीईएसएल) ने भी पहल की है। पर्यावरण संरक्षण के लिए उपभोक्ताओं को मासिक बिजली बिल अब वाट्सएप और ईमेल के माध्यम से भेजने की सुविधा शुरू कर दी है। इस डिजिटल पहल से उपभोक्ता न केवल समय पर बिल प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि एक क्लिक पर भुगतान भी कर पा रहे हैं। यही नहीं उपभोक्ताओं को कैश काउन्टर पर भी नहीं जाना होगा। डिजिटल बिल में एक ऑनलाइन भुगतान बटन पहले से ही शामिल है, जिससे उपभोक्ता यूपीआई, पेटीएम, गूगल पे, फोन पे, नेट बैंकिंग या क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। ईमेल से भेजे गए बिलों की सहायता से उपभोक्ता अपने सभी बिलों को डिजिटल रूप में सहेज सकते हैं, जबकि वाट्सएप पर आने वाला बिल उनके फोन में उपलब्ध रहता है। कम्पनी के सीओओ आकाश सक्सेना ने कहा कि इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को वही मोबाइल नंबर रजिस्टर करना होगा जिस पर वाट्सएप उपलब्ध हो। यदि उपभोक्ता का पंजीकृत मोबाइल नंबर पहले से ही वाट्सएप पर रजिस्टर्ड है, तो उन्हें दोबारा पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है। नए उपभोक्ता या जो सुविधा से अभी तक नहीं जुड़े हैं, वे हेल्पलाइन नंबर 0141-3532000 पर कॉल कर सकते हैं या व्हाट्सएप नंबर 7230044001 पर संदेश भेजकर पंजीकरण करा सकते हैं। जो उपभोक्ता केवल वाट्सएप पर बिल चाहते है तो उन्हें बिल के साथ दिए गए लिंक वाट्सएप ष्ओपीटी इनष् पर अपनी सहमति देनी होगी। उपभोक्ता राजविद्युत मोबाइल एप और व्हाट्सएप बॉट (7230044001) के माध्यम से भी बिल की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सक्सेना ने उपभोक्ताओं से पर्यावरण संरक्षण के लिए वाट्सएप की सुविधा वाले मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस नई सुविधा से न केवल पर्यावरण का संरक्षण किया जा सकेगा बल्कि बड़ी मात्रा में कागज की भी बचत होगी।

वरिष्ठ अध्यापकों की सीधी भर्ती के पदों में बढ़ोतरी की मांग

करौली । राजस्थान समठा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ उदयसिंह डिंगार व प्रदेश महामंत्री हरिश्चंद्र प्रजापति के नेतृत्व में संगठन ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, शिक्षामंत्री मदन दिलावर समेत उच्च स्तर पर ज्ञापन प्रेषित कर प्रदेश में स्कूल व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापकों के राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा की जाने वाली सीधी भर्ती के पदों में बढ़ोतरी की मांग की है करौली के जिला अध्यक्ष रूपसिंह गोरेहार, जिला मंत्री मदन मोहन तिवारी, जिला संरक्षक प्रहलाद, जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम,शंभूसिंह राजपूत, जिला प्रवक्ता चेतराम मांडा, उपशाखाओ के अध्यक्ष, मंत्री, करौली से बाबूलाल मीणा राममूर्ति शर्मा,हिण्डौन से उमेश सिंह डागुर, अमरसिंह,मण्डरायल से काशीराम, रामकुमार नंदवानियां,सपोटरा से हंसराज एकट, देवीसिंह,मासलपुर से प्रेमसिंह ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में स्कूली व्याख्याता के करीब 18651 एवं वरिष्ठ अध्यापकों के करीब 37249 पद रिक्त है जबकि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा व्याख्याता के केवल 2202 पदों एवं वरिष्ठ अध्यापकों के 2129 पदों पर ही भर्ती प्रक्रियाधीन है। उन्होंने अवगत करवाया कि प्रस्तावित पदोन्नित आदि से रिक्त पदों की संख्या अधिक होने की संभावना है जिसमें विभागीय नियमों के प्रावधान अनुसार 50 प्रति'ात पदों पर सीधी भर्ती एवं 50 प्रति'ात पदों पर पदोन्नित का प्रावधान है।

शिविरों का आयोजन 25 से

करौली (निंसं.) राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा जिले की हिण्डौन तहसील के ठामीण क्षेत्रों में आमजन हेतु नि:शुल्क चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने की दृष्टि से 25 से 28 जून तक पॉच दिवसीय नि:शुल्क एससी आयुर्वेद चल चिकित्सा शिविर आयोजित किये जा रहे है। जिसमें 25 जून को हिण्डौन तहसील के ठाम अलावरा में, 26 जून को ठाम बहादुरपुर में, 27 जून को ठाम जाट नागला में व 28 जून को कैलाश नगर में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

भरतपुर (निस)। भरतपुर में जिला अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जिला आरबीएम अस्पताल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आरबीएम अधीक्षक डॉ नगेंद्र भदौरिया, डॉ प्रणव गुप्ता, डॉ राघवेंद्र, नर्सिंग अधीक्षक अशोक कुमार, नर्सिंग ऑफिसर भंवर सिंह सागर ने जिला अस्पताल के परिसर में नीम और करंज के पौधे लगाए गए। इस मौके पर अधीक्षक डॉ नगेंद्र भदौरिया ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रकृति के लिए पेड़ पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष 5 जून को लोगों को पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष भंवर सिंह सागर ने आज लगाए पेड़ पौधों की देखभाल और सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

सीएम ने गंगा मंदिर में महाआरती की

भरतपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के एक दिवसीय दौरे पर भरतपुर पहुंचने पर एमएसजे कॉलेज ग्राउंड हेलीपैड स्थल पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने अगवानी की। मुख्यमंत्री शर्मा के एमएसजे ग्राउंड स्थित हेलीपैड पहुंचने पर जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, नदबई विधायक जगत सिंह, कामां विधायक नौक्षम चौधरी, वैर विधायक बहादुर सिंह कोली, पूर्व सांसद रंजीता कोली, जिला प्रभारी सचिव शुचि त्यागी, पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश, जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव, पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने अगवानी की। मुख्यमंत्री ने एमएसजे कॉलेज खेल मैदान में कदम्ब का पौधा लगाकर हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड मॉ के नाम का अभियान में अधिक से अधिक पौधरोपण करने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यातायात चौराहे स्थित महाराजा सूरजमल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। महाआरती कर अभियान की सफलता की कामना की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गंगा मंदिर में महाआरती कर प्रदेश की खुशहाली, समृद्धी की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में महिलाओं को गंगा जल एवं तुलसी का पौधा तथा प्रसादी वितरण कर अभियान का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने ऐतिहासिक सुजान गंगा में विशेष पूजा-अर्चना कर आरती की तथा दीपदान कर प्रदेश में अच्छी वर्षा एवं वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की सफलता की कामना की। उन्होंने सुजान गंगा के किनारे भ्रमण कर दीपदान का अवलोकन किया तथा जिला प्रशासन को पर्यटन के रूप में इस क्षेत्र को विकसित कर नौकायन के साथ अन्य गतिविधियां भी आयोजित करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गंगा मंदिर में महाआरती कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, विधायक बाहदुर सिंह कोली, विधायक नौक्षम चौधरी, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, प्रमुख शासन सचिव देवस्थान विभाग डॉ. केके पाठक, जिला प्रभारी सचिव शुचि त्यागी, पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश, जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल सिंह सहित जनप्रनिधिगण, अधिकारीगण एवं बडी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

सतत विकास में योगदान विषय पर चर्चा

भरतपुर (निस)। भरतपुर, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री हरिदत्त डिठी कॉलेज, सेवर के तत्वाधान में ष्कृत्रिम बुद्धिमत्ता का सतत विकास में योगदान विषय पर अंतरमहाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता टैक्नोलॉजी पार्क सेवर के निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने की। डॉ. शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, ष्पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नवाचार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का समावेश हमारी अगली पीढी को सुरक्षित भविष्य की ओर ले जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य स्तरीय वृक्ष मित्र पुरस्कार से सम्मानित बच्चू सिंह, योगाचार्य तथा महर्षि दयानन्द यज्ञ विशेषज्ञ डॉ. देवेन्द्र भारद्वाज एवं राजकीय आर डी गर्ल्स कॉलेज विनाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. मधु शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. नीलम सिंह ने बताया कि अठासेन कन्या महाविद्यालय की छात्रा कृष्णा गुर्जर ने प्रथम स्थान, खण्डेवाल बी.एड. कॉलेज के छात्र नारायण सिंह व गुनगुन सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं श्री हरिदत्त डिठी कॉलेज की तनु मदेरणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त सभी विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सांत्वना पुरस्कार में राजकीय आर डी गर्ल्स कॉलेज की कविता कुमारी व राजकीय एम एस जे कालेज के विकास डागुर व अन्य कॉलेजों के शैलेन्द्र सिंह, मोनिका शर्मा, बृजेश, पिंकी कुमारी, भावेश सोलंकी, यश सोगरवाल, चंचल कुमारी व रेनु बाला को प्रदान किए गए। पर्यावरण पोस्टर प्रतियोगिता में वर्षा मीणा ने प्रथम, जाहन्वी ने द्वितीय व खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि बच्चू सिंह ने अपने संबोधन में वृक्षारोपण की सावधानियों और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डॉ. देवेन्द्र भारद्वाज ने दैनिक यज्ञ के माध्यम से वायुमण्डल की शुद्धि और प्रदूषण नियंत्रण पर बल दिया। कार्यकम में विशेष रूप से डॉ. नीलम सिंह, डॉ. सन्जू शर्मा, डॉ. नीता माथुर, अशोक गुर्जर, महेन्द्र मीणा, डॉ. रेनू वशिष्ट, डॉ. सचिन कुमार, डॉ. बीनेश खान, डॉ. बिन्देश्वरी प्रसाद, डॉ. मनोज मेहता, प्रशान्त राव दिनकर, साक्षी चतुर्वेदी, सरिता रानी, आकाश कुमार, अंजनी कुमार शुक्ला, अनुज कुमार, जीतेन्द्र सिंह राजपूत, मीरा शर्मा, देवदत्त शर्मा, विनोद अवस्थी, राममोहन शर्मा, विनोद छारिया, बनवारी धनगर एवं डी सी सैनी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजकमल दिवाकर द्वारा किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह वृक्षारोपण

करौली (निंसं.) वि'व पर्यावरण दिवस के अवसर पर करौली जिला मुख्यालय पर विभिन्न संस्थाओ व राजनैतिक दलो द्वारा जगह जगह वृक्षारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष माधवी दिनकर एवं सचिव ममता चैधरी,मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट परवीन बानू, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देवेन्द्र कुमार द्वारा राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह करौली पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता ईमामुद्दीन खांन,न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष माधवी दिनकर द्वारा संदेश दिया कि सभी मनुष्यों को अपने जीवन काल में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और तब तक उनकी परवरिश करनी चाहिए जब तक वो वृक्ष नहीं बन जाते ताकि हमारी इस पीढी को और आने वाली पीढियों को स्वस्थ प्राणवायु मिल सके।

इसके अलावा प्योर इंडिया ट्स्ट प्रतिनिधि खुशबिहारी व्यास ने बताया कि गुरूवार को सदर थाना प्रभारी श्री रामदीन शर्मा के नेतृत्व में सदर थाना में वक्षारोपण कार्य आयोजित किया गया जिसमें सभी जवानों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया एवं इस बीच यातायात कार्यालय में यातायात प्रभारी मंजू फौजदार के नेतृत्व में सभी जवानों के साथ वृक्षारोपण का कार्य किया गया वही विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में जिला मुख्यालय स्थित माली समाज के महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान छात्रावास परिसर में संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह माली के नेतृत्व में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

आम सूचना

मैं महाराजी पत्नि स्व. गिराज सिंह गुर्जर निवासी खूँडा तह. मासलपुर जिला करौली (राज.) शपथपूर्वक बयान करती हूँ कि मेरे पुत्र बाबूलाल पुत्र स्व. गिर्राज सिंह गुर्जर की 8.12.2024 को मृत्यु हो गई है। जिसके नाम एक ट्रेक्टर नं. RJ34RB2690 ओर एक मोटरसाईकिल नं. RJ34JV1619 है। उक्त दोनो वाहनों को मैं मेरे नाम ट्रान्सफर करवाना चाहती हूँ। मेरा पुत्र अविवाहित था। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में जिला परिवहन कार्यालय करौली में आपत्ति दर्ज करा सकता है। समय निकलने बाद आपत्ति स्वीकार नही मानी जावेगी।

कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज.)

क्रमांक:न.परि.क./निविदा/2025/991 दिनांक: 05.06.2025

संशोधित ई-निविदा सूचना

नगरपरिषद करौली की निविदा सूचना संख्या 820 दिनांक 28.05.2025 के कार्य नगरपरिषद क्षेत्र करौली में स्थित तीन दरवाजा बाउण्ड्री वॉल निर्माण व मरम्मत कार्य की तिथियों में अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संसोधन किया जाता है।

क्र.सं.	तिथियों का विवरण	पूर्व की तिथि	संशोधित तिथि
1	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	07.06.2025 समय 6:00 पीएम	11.06.2025 समय 6:00 पीएम
2	निविदा खोलने की तिथि	09.06.2025 समय 4:00 पीएम	12.06.2025 समय 4:00 पीएम

नोट:- उक्त ई-निविदा में कार्यालय में निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराना अनिवार्य नही है। शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

आयुक्त
नगरपरिषद, करौली

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-05052025-262890
CG-DL-E05052025-262890
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-Section 3-Sub-section (II)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, मई 1, 2025/वैशाख 11, 1947
NEW DELHI, THURSDAY, MAY 1, 2025/VAISAKHA 11, 1947

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 1 मई 2025

का.आ. 1974-E-केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम का गया है) की धारा 3क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए,यह समाधान हो जाने के पश्चात कि राजस्थान राज्य के करौली जिले के गांव-महमदपुर, कुडगांव, तालुक-सपोटरा में NH23 के कि.मी. 96 से कि.मी. 109 तक के भू-खंड के निर्माण (चौड़ीकरण/फेज शोल्डर सहित 2-लेन/4-लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग कर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा। ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात एसडीएम को लिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात तथा ऐसी और जांच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अनुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा। इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध है और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

राजस्थान राज्य के करौली जिले के गांव-महमदपुर, कुडगांव, तालुक-सपोटरा में NH23 के कि.मी. 96 से कि.मी. 109 लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।

2907 GI/2025

फाइल नंबर : RW/JAI/RJ/CE-RO/NH-12012/2021-22/01/3AJ
अभय जैन, निदेशक

जिला : करौली
http://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 1 May 2025
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in
नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते है।
DIPR/C/6844/2025